आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 04.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–उनकी सरकार के कल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरपंचों से ग्रामीण विकास में सक्रियता से सहयोग का आह्वान किया है।
- प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना में किसान रजिस्ट्री प्रोजेक्ट कल से–31 मार्च तक ग्राम पंचायतों पर आयोजित शिविरों में किसानों की आई.डी. बनाई जाएगी।
- प्रदेश में भगवान देवनारायण जयंती पर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजन।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने गरीब लोगों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता, समर्पण और कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो पाया है। प्रधानमंत्री आज लोकसभा में, संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रेरणादायक है, और इससे सरकार के विकसित भारत के प्रयासों को और बल मिला है। सरकार द्वारा किए गए उपायों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार आमजन की हर समस्याका समाधान करते हुए उन्हें राहत पहुंचाने का काम कर रही है।

000

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा है कि सरकार अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं करेगी। उनकी यह टिप्पणी आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान आई, जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र के कृषि विभाग में 5 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। कृषि मंत्री कहा कि इसके बारे में फिल्हाल उन्हें कोई जानकारी नहीं है, लेकिन अगर कोई अनियमितता पाई जाती है, तो इसकी जांच अवश्य होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरपंच ग्रामीण विकास की रीढ़ है और उनके बिना विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती। आज जयपुर में सरपंच संघ राजस्थान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंच सबसे बड़ा जनप्रतिनिधि होता है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए सरपंच सक्रियता से काम करें, क्योंकि इसका दायित्व भी उन्हीं पर है और उनके पास पूरे अधिकार हैं। श्री शर्मा ने सरपंचों से कल से शुरू होने वाले किसानों के आई.डी. पंजीकरण के काम में सहयोग का आह्वान किया।

.............

कार्यक्रम को पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने भी संबोधित किया। उन्होंने सरपंचों से अपील की कि वे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को हर गांव और हर व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग करें। इस अवसर पर प्रदेशभर से निवर्तमान सरपंच और नवनियुक्त प्रशासक उपस्थित रहे।

000

प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना में किसान रजिस्ट्री प्रोजेक्ट को कल से लागू किया जा रहा है। इस योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में शिविर आयोजित किये जाएंगे, जहाँ किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. बनवाने में

सहयोग दिया जाएगा। अभियान के शिविर 31 मार्च तक चलेंगे। ये शिविर ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होंगे। एक रिपोर्ट –

शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, चिकित्सा और उपचार सहित पशु पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा।

000

केंद्र सरकार की ओर से जलग्रहण विकास के लिये प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत वाटरशेड यात्रा का राज्य स्तरीय कार्यक्रम कल से शुरू हो रहा है। वाटरशेड यात्रा बारां जिले की किशनगंज ग्राम पंचायत से शुरू होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर करेंगे। इस अवसर पर जिला स्तरीय श्रमदान, वृक्षारोपण, कलश यात्रा और जल संरक्षण की शपथ के कार्यक्रम होंगे। जलग्रहण यात्रा के आयोजन का उद्देश्य जलग्रहण गतिविधियों की जानकारी जन–जन को देना, इससे होने वाले लाभों के बारे में जागरुक कराना और परियोजना से जुड़ाव सुनिश्चित करना है। यह यात्रा राज्य में दो रथों द्वारा अलग–अलग मार्गों से 214 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरेगी। इस कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अवसर पर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विद्यार्थियों और युवाओं की कौशल शिक्षा पर ज़ोर दिया है। उन्होंने कहा कि इसी भावना को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार भी स्कूलों में व्यावसायिक और कौशल शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। श्री दिलावर आज जयपुर में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्किल एग्जिबिशन कम कंपीटिशन कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री दिलावर ने कहा कि प्रदेश के 4 हजार 155 राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने व्यावसायिक शिक्षा के 75 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को घर के लिए कौशल विकास सामग्री का वितरण किया है। इस सामग्री के माध्यम से विद्यार्थी अपने घर, गांव में ही अपना काम कर सकेंगे। उन्होंने इस अवसर पर राज्य स्तर पर चयनित साढे तीन सौ सर्वश्रेष्ठ मॉडलों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

000

प्रदेश में आज भगवान देवनारायण जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भीलवाड़ा जिले के सवाई भोज मंदिर तथा देवनारायण जन्मस्थली मालासेरी गांव में विशेष पूजा अर्चना की गई। सवाई भोज मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सवाईभोज सिंह मंदिर में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की।

उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेमसागर तालाब के सौन्दर्यीकरण का काम करने तथा बालिका आवासीय विद्यालय बनाने की घोषणा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को सवाई भोज के नाम से यूनिवर्सिटी का प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा। वहीं सवाईमाधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा और घाटा नैनवाड़ी स्थित देवनारायण मंदिरों में भी विशेष भोग, पूजा, अर्चना, महाप्रसादी और प्रतिभा सम्मान समारोह जैसे कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

पाली में इस मौके पर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शहर के भगवान देवनारायण मंदिर को फूलों से सजाया गया और धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। भरतपुर के बयाना में शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जगह–जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके साथ ही जिले के अलग–अलग तहसील क्षेत्रों में भगवान देवनारायण की जयंती पर धार्मिक आयोजन हुए।

000

आज विश्व कैंसर दिवस है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है 'यूनाइटेड बाय यूनिक'।

प्रदेशभर में आज इस सिलसिले में जागरुकता कार्यक्रम हुए। पाली में महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए कैंसर के प्रति जागरुक किया। राजकीय बांगड़ चिकित्सालय के डॉक्टर के.सी. सैनी ने बताया कि कैंसर से पीड़ित व्यक्ति की आवश्यकतानुसार देखभाल की जाए। उन्होंने कहा कि तंबाकू और नशे के सेवन से बचना चाहिए।

श्रीगंगानगर में जागरुकता कार्यशाला हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने कलात्मक पोस्टर बनाकर कैंसर से बचाव के बारे में संदेश दिया।

000

प्रदेश में आज भी कुछ स्थानों पर बरसात हुई और बादल छाए रहे। भरतपुर में आज सुबह हल्की से मध्यम बारिश हुई। इससे सर्दी का असर बढ गया है। बरसात से सरसों की फसल को नुकसान पंहुचने की आशंका है। धौलपुर में सुबह से ही रुक–रुक कर हल्की बरसात का सिलसिला जारी है। बारां और राजधानी जयपुर में बादल छाए रहे और ठण्डी हवा चली। झुंझुनूं के चिड़ावा उपखंड के गांवों में रुक–रुक कर बारिश का दौर बना रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने आज जयपुर और भरतपुर संभागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। राज्य में आगामी दो–तीन दिन दिन और रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट की संभावना है। उत्तर और पूर्वी हिस्सों में कल सुबह कहीं–कहीं कोहरा छाए रहने के आसार हैं।

000